महत्वपूर्ण एवं खास

बेरोजगारी भत्ता को लेकर युवा मोर्चा का प्रदर्शन कल

कोरबा। बेरोजगारी भत्ता को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कल सैकड़ो की संख्या में रायपुर जा कर प्रदर्शन करेगें। सभी मंडलो में जाने की तैयारियां कर ली गई है। कई कार्यकर्ता आज शाम को ही रायपुर निकल जाएगें। जानकारी के अनुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा महंगाई भत्ता बेरोजगारी भत्ता एवं अन्य मांगो को लेकर लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। एसडीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करने के बाद पोस्टर अभियान चलाया गया था। 24 अगस्त को रायपुर में प्रदर्शन किए जाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए भाजपा के पूर्व विधायक लखन देवांगन, जिला महामंत्री संतोष देवांगन, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, अनूप यादव, के द्वारा सभी मंडलो में बैठक ली गई थी। कोसाबाड़ी संतोष देवांगन, संदीप सहगल, दिनेश सेन, सुभाष राठौर,पिंकु रंजन, सिद्धात नारायण सोनी ने कार्यकर्ताओं को रायपुर जाने को कहा है। कोरबा नगर मंडल में रामअवतार पटेल बांकी मोंगरा में उदय शर्मा,अंकित अग्रवाल, सुंदर बंजारे के द्वारा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। जिसमें प्रदर्शन के लिए तैयार रहने कहा गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से आत्समर्पित नक्सली की मौत

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम मार्ग में कारली के पास देर रात अज्ञात वाहन ने आत्समर्पित नक्सली सुंदर कोर्राम को टक्कर मार दी। सूचना पर 108 से की मदद से आत्समर्पित नक्सली सुंदर कोर्राम को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती कराया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुंदर कोर्राम ने 2018 में आत्मसमर्पण किया था। उसकी पत्नी मंजू कोर्राम भी आत्समर्पित नक्सली है, मंजू बताती है रात 10 बजे एक फोन आया, वह पैसा लेने की बात कहकर घर से निकला था। निर्मल निकेतन स्कूल के पास किसी वाहन ने टक्कर मारी है। गीदम थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है। जिस अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी है उसकी पतासाजी किया जा रहा है।

सरपंच-उपसरपंच के बीच मारपीट, काउंटर केस दर्ज

महासमुंद (आरएनएस)। बेलसोंडा में ग्रामसभा के दौरान सरपंच-उपसरपंच के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने सरपंच भामिनी चंद्राकर, उप सरपंच हुलसी चंद्राकर व उसके पति जितेंद्र चंद्राकर के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि सरपंच भामिनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उपसरपंच हुलसी चंद्राकर और उनके पति जितेंद्र चंद्राकर ने ग्रामसभा की कार्रवाई समाप्त होने के बाद जब कोई मुद्दा नहीं मिला तो जबरन मारपीट व गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इससे उनके हाथ में चोट आई है। शुरू में उपसरपंच हुलसी चंद्राकर ने टेबल में रखे सरपंच की नेम प्लेट से फेंककर सरपंच के सिर में चोट पहुंचाने की कोशिश की। बाद उपसरपंच और उनके पति ने सामूहिक रूप से सरपंच को मारने के लिए दौड़ाया तो सभी पंचों ने सरपंच को बचाया फिर भी सरपंच के हाथ में चोट आई है।

साढ़े 7 लाख रुपए का कबाड़ जब्त

महासमुंद, 23 अगस्त (आरएनएस)। पटेवा पुलिस ने शनिवार को सरायपाली से रायपुर कबाड़ लेकर जा रहा ट्रक को पकड़ा। ट्रक से करीब साढ़े 7 लाख रुपए का कबाड़ और साढ़े 5 लाख रुपए कीमती ट्रक जब्त की। पुलिस ने बताया कि शनिवार को एनएच 53 थाना पटेवा के सामने से ट्रक वाहन क्रमांक ओआर 01एम 5079आई को रोककर पूछताछ की। चालक जगदीशपुर लीलास थाना परसबेघा जिला जहानाबाद (बिहार) निवासी कमलेश बीन्द ने वाहन में लोड कबाड़ के संबंध में संतोषप्रद जवाब नहीं दिया और वाहन के संबंध में खरीदी बिक्री का दो अलग-अलग ई-बिल एक ही नंबर का होने से संदेहास्प्रद होने पर पटेवा थाने में धारा 41(1+4)जा.फौ., 379 भादवि के तहत कार्रवाई की। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

इंटरनेशनल ट्रेडिंग के नाम पर 28 लाख रुपए की धोखाधड़ी

❐ कंपनी और एक युवक के नाम पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

महासमुंद (आरएनएस)। इंटरनेशनल ट्रेडिंग के नाम रजिस्ट्रेशन करने को लेकर 28 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित फर्म के संचालक की शिकायत पर दिल्ली के एक फर्म और एक खाताधारक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

मुख्यालय से लगे लभरा खुर्द में संचालित सेन एंड सेन ऑर्गेनिक फर्म की संचालिका श्रीमती अनुपमा सेन पति राजेन्द्र (40) ने पुलिस को बताया कि उनका फर्म ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से काले चांवल का व्यापार राष्ट्रीय स्तर पर पिछले तीन सालों से कर रहा है। करीब तीन-चार माह पूर्व इंटरनेट के माध्यम से उनके द्वारा काले चांवल की ट्रेडिंग के व्यापार हेतु बायर्स (खरीददार) की तलाश कर रहे थे, वेबसाइट में ट्रेड इण्डिया मार्ट, ग्लोबल ट्रेड बाजार में बायर्स सर्च करने पर ग्लोबल ट्रेड बाजार में अपना मोबाइल नंबर एवं फर्म संबंधि जानकारी पूछे जाने पर मैने सेन एण्ड सेन ऑर्गेनिक फर्म लभरा खुर्द महासमुंद के संबंध में जानकरी वेबसाइट पर सबमिट की। बाद

अंकित शर्मा नामक व्यक्ति ने मोबाइल नम्बर 7982816900 से पुत्र अमत्र्य सेन के मोबाइल 6260169925 में कॉल आया। अंकित ने ग्लोबल ट्रेड बाजार दिल्ली में कर्मचारी होना बताया और काले चांवल की ट्रेडिंग हेतु ग्लोबल ट्रेड बाजार से बायर्स उपलब्ध कराने की बात कही। बायर्स उपलब्ध कराने की मांग पर अंकित ने ट्रेडिंग रजिस्ट्रेशन कराने 23600 रुपए रजिस्ट्रेशन राशि जमा करने कहा। 30 अप्रैल 2022 को सेन एण्ड सेन ऑर्गेनिक फर्म लभरा खुर्द महासमुंद के आईसीआईसीआई बैंक खाता क्रमांक 084105003090 के माध्यम से अंकित शर्मा ने मोबाइल नंबर 7982816900 से अमत्र्य के मोबाइल 6260169925 में वाट्सअप में भेजे गए लिंक पर 23600 रुपए जमा कराया।

इंटरनेशल ट्रेडिंग की सलाह दे की ठगी

अंकित ने इंटरनेशनल ट्रेडिंग हेतु रजिस्ट्रेशन कराकर इंटरनेशनल ट्रेडिंग कराने की सलाह दी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन फीस 45 हजार रुपए बताया। 2 मई 2022 को अंकित ने अमत्र्य के मोबाइल 6260169925 में भेजे गए लिंक पर 45 हजार रुपए जमा किया। अंकित द्वारा ट्रेडिंग हेतु बायर्स उपलब्ध कराने लगा। बायर्स से वाट्सअप चेटिंग के माध्यम से हमारी काले चांवल की ट्रेडिंग के संबंध में बातचीत होने लगी। बायर्स और हमारे मध्य ट्रेडिंग हेतु रेट तय होने पर अंकित द्वारा उपलब्ध बायर्स के द्वारा सर्टिफिकेट की मांग की गई। अंकित ने ट्रेडिंग हेतु सभी प्रकार के सर्टिफिकेट उपलब्ध कराने के लिये दिव्य कम्यूनिकेशन संस्था के कर्मचारी अतुल शर्मा का मोबाइल नंबर 9310672298 दिया। ट्रेडिंग हेतु सर्टिफिकेट बनाने अतुल शर्मा ने काले चांवल की इंटरनेशनल ट्रेडिंग हेतु सभी प्रकार के ईजीसी प्रमाण पत्र, एनओसी प्रमाण पत्र, गलोबल प्रमाण पत्र, सीएसडी ई सिस्टम पंजीकरण आदि उपलब्ध कराने फर्म ने आईसीआईसीआई बैंक खाता क्रमांक 084105003090 से 5 मई 2022 को यश बैंक के खाता क्रमांक 101863300000678 में 2.45 लाख, 3.20 लाख, 25 हजार रुपए ट्रांसफर किया। 7 मई 2022 को यश बैंक के खाता क्रमांक 101863300000678 में 1.25 लाख रुपए, 3 लाख, 2 लाख, 20000 हजार रुपए, 11 मई 2022 को यश बैंक के खाता क्रमांक 101863300000678 में 595000 रुपए ट्रांसफर किया तथा फेडरल बैंक के खाता क्रमांक 77770111097057 के धारक आकाश शर्मा के खाते में 11 मई 2022 को 100, एवं 4.94900 लाख, 12 मई 2022 को 20 लाख तथा 13 मई 2022 को 2.54000 रुपए ट्रांसफर किया। इस तरह इंटरनेशनल ट्रेडिंग के नाम पर कुल उपरोक्त खातों में 28 लाख 47600 रुपए ट्रेडिंग सर्टिफिकेट प्राप्त करने दिया। उनके द्वारा वाट्सअप के माध्यम से सर्टिफिकेट आईडी 63278453 को भेजा गया था पर उपरोक्त सर्टिफिकेट के बारे में पता करने पर जानकारी हुई कि उक्त सभी सर्टिफिकेट फर्जी हैं। उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई वैध सर्टिफिकेट अब तक नहीं दिया गया है। ग्लोबल ट्रेड बाजार (वेब कम मिडिया प्राइवेट लिमिटेड), फेडरल बैंक के खाता क्रमांक 77770111097057 के धारक आकाश शर्मा एवं यश बैंक के खाता क्रमांक 101863300000678 के धारक दिव्य कम्यूनिकेशन प्रोप्राइटर विवेक तोमर ने इंटरनेशनल ट्रेडिंग के नाम पर ईजीसी प्रमाण पत्र, एनओसी प्रमाण पत्र, गलोबल प्रमाण पत्र, सीएसडी ई सिस्टम पंजीकरण आदि के नाम पर उनके साथ धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामले में दो फेडरल बैंक के खाताधारक आकाश शर्मा और यश बैंक के खाताधारक दिव्य कम्यूनिकेशन के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

रात्रिगश्त के दौरान सौ संदिग्ध विचरण करते पकड़े गए, पुलिस ने कराया उठक-बैठक

कोरबा। कोरबा सिटी को क्राईम क्लीन सिटी के तौर पर लोगों के मध्य पहचान बनाने के लिए एसपी संतोष सिंह के द्वारा शुरू किये गए निदान अभियान के दौरान रात्रिगश्त करते हुए निकले पुलिस के काफिले के हत्थे 100 लोग आधी रात को संदिग्ध विचरण करते चढ़ गए। जिन्हें चौक चौराहे में उठक.बैठक कराने के साथ ही समझाईश देते हुए आगे से ऐसा न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

जानकारी के अनुसार एसपी सिंह के मार्गदर्शन एएसपी अभिषेक वर्मा तथा कोरबा सीएसपी योगेश साहू के पर्यवेक्षण में सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कुछ दिनों से अपराधियों एवं आसामाजिक तत्वों के ऊपर अंकुश लगाने के लिए उनका मोहल्ले में परेड कराये जाने से लेकर जिला बदर व जेल भेजने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में गत रात्रि कोतवाली पुलिस का काफिला गश्त करते हुए शहर के सीतामणी चौक, पुराना बस स्टैंड, सुनालिया चौक टीपी नगर चौक, पॉवर हाउस रोडए मेनरोड में जगह.जगह ऐसे तत्वों की खोजखबर लेता रहा। इस दौरान 100 के लगभग युवक बाईक, कार एवं अन्य कीमती चार पहिया वाहनों के अलावा पैदल भी रात्रि 12 बजे से 2.30 के मध्य कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े। बताया जाता है कि इन पकड़े गए युवकों को मौके पर ही उठक-बैठक और परेड कराया गया। यहां तक की इनमें से कई एक से धीमीचाल तो कई से तेज गति चाल भी चलने को कहा गया। जिसका कड़ायी से पालन भी कराया गया। स्थिति तो यह थी कि कुछ युवक को पुलिस के द्वारा इस अभियान के लिए किये जा रहे कार्रवाई के दौरान स्वंयभु मुर्गा बनते भी देखा गया। हालाकि पुलिस ने उन्हें मुर्गा बनने के लिए बाध्य नहीं किया, लेकिन अपने बचाव के लिए कुछएक युवक ऐसा करते देखे गए। इन युवकों को रात्रि में प्रेशर हार्न नहीं बजाने, देर रात नहीं घूमने, वाहन के सायलेंशर में फटाके की आवाज की सेटिंग नहीं कराने तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के अलावा रात्रि में हो हल्ला नहीं किये जाने के लिए समझाईश देते हुए उन्हें सख्त हिदायत दी गई की आने वाले दिनों में दोबारा पकड़े जाने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने पर उन्हें जेल भिजवाया जाएगा। इस अभियान में कोतवाली टीआई राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में एएसआई अफसर खान, प्रधान आरक्षक, लक्ष्मीकांत खरसन, आरक्षक राकेश मार्बल, रोहित राठौर, वीरेन्द्र सोनी समेत एक दर्जन से ज्यादा कोतवाली की पुलिस जवान शामिल रहे।

एनएसएस छात्राओं ने मीडिया के उपयोग को जाना

कोरबा। आज के दौर में संचार क्रांति और मीडिया की उपयोगिता को लेकर लगातार बातें हो रही है। ऐसे में छात्रवर्ग को इसकी जानकारी होना चाहिए। सद्भावना दिवस पर कोरबा के मिनीमाता गल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने मीडिया के उपयोग और महत्व की जानकारी हासिल की। इस बारे में रसायन विभाग के अध्यक्ष डॉ.श्रेणी दिवाकर और पूर्व दीपांजलि पांडेय के द्वारा छात्राओं का मार्गदर्शन किया गया। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर रोशनी डालने के साथ छात्राओं को ट्विटर एकाउंट बनाने और हेसटैक करने की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम अधिकारी डेजी कुजूर ने ट्विटर एड्रेस, फालो, ट्विट करने और ट्विट पिन के बारे में प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. तारा शर्मा ने छात्राओं को सद्भावना दिवस पर शपथ दिलायी। उन्होंने बताया कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में सभी के प्रति सद्भावना होनी जरूरी है और इसे महत्व दिया जाना चाहिए। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अश्वनी केशरवानी, संध्या पांडेय ने भी अपनी बात रखी।

हाथियों के दल ने पसान में उत्पात मचाते ग्रामीणों के मकान ढहाए

कोरबा। मारवाही के जंगलो में तीन-चार दिनों तक घूमने के बाद उत्पाती दंतैल पसान रेंज लौट गया है। यहां लौटते ही दंतैल ने फिर जमकर उत्पात मचाया और विभिन्न गांवो में पहुंचकर चार ग्रामीणों के मकान ढहा दिए। इनता ही नही तीन लोगों के घरों के अहाता को तोडऩे के साथ ही दो ग्रामीणों की बाड़ी भी उजाड़ दी। इसमें मकई लगे हुए थे। जिसे दंतैल ने बूरी तरह तहस.नहस कर दिया है। हाथी के अचानक पहुंचने और क्षेत्र में उत्पात मचाए जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग का अमला रात में ही मौके पर पहुंचा और उत्पाती दंतैल को खदेडऩे की कार्रवाई की। जिससे वह बैरा नदी को पार कर कुकरी बहरा पहुंच गया। इसे आज सुबह यहां के जंगल में विचरण करते हुए दुखा गया।

जानकारी के अनुसार दंतैल की दस्तक रात में पसान रेंज के जंगलो में भी यहां से निकलकर तरईमार, अड़सरा, वनबहरा व कोटमर्रा गांव में पहुंच गए तथा जमकर उत्पात मचाते हुए चार ग्रामीणों के घरो को तोड़ दिया। इतना ही नही तीन लोगों के अहातें को क्षतिग्रस्त करने के साथ ही दो की बाड़ी उजाड़ दी हाथी ग्रामीणों के खेतो में भी पहुंच गया था। और वहां लगे धान ने फसल को रौंद दिया। दंतौल के क्षेत्र में पहुंचने और उत्पात मचाए जाने की सूचना पर वनरक्षक ईश्वरदास मानिकपुरी अपने साथियों के साथ पहुंचे और उत्पात मचा रहे दंतैल हाथी को मसाल व टार्च के माध्यम से खदेडऩे की कार्रवाई की जिस पर दंतैल नदी को पार कर सेन्हा के निकट कुकरीबहरा पहुंच गया।

कर्मचारियों की हड़ताल दूसरे दिन जारी, बंद कराए गए स्कूल

कोरबा। 2 सूत्री मांगों को लेकर सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल आज दूसरे दिन भी जारी हैं सरकारी कार्यालयों में इसका असर साफ झलक रहा है दूसरी ओर कर्मचारी नेताओं ने उन स्कूलों को आज बंद कराया जो किन्ही कारणों से चल रहे थे। 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता और हाउस अलाउंस नई दर पर दिए जाने की मांग कर्मचारी संगठनों के द्वारा की जा रही हैं। इसके लिए काफी समय से सरकार के स्तर पर बात पहुंचाई गई। नतीजे नहीं आने पर एक बार फिर इस मामले में कर्मचारियों के द्वारा हड़ताल शुरू की

गई हैं। हड़ताल का आज दूसरा दिन है जिसमें कर्मचारियों की उपस्थिति बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उन सरकारी स्कूलों में कामकाज बंद कराया गया जहां इस तरह की गतिविधियां चल रही थी। इससे पहले ही संबंधित कर्मियों को हड़ताल की जानकारी दे दी गई थी और हर हाल में इसमें शामिल होने को कहा गया था। बताया गया कि कुछ स्थानों पर विद्यालय चलने की खबरें प्राप्त हुई एजिस पर संज्ञान लिया गया और शिक्षकों से पहल करते हुए स्कूलों को बंद कराने पर काम किया गया। आखिरकार संबंधित जगहों पर कर्मचारियों ने काम बंद किया और हड़ताल का हिस्सा बन गए। जबकि अधिकांश जगह पहले ही दिन छुट्टी जैसा माहौल रहा और वहां कोई कामकाज नहीं हो सका। कर्मचारी संगठन फेडरेशन के पदाधिकारी सुरेश द्विवेदी ने बताया कि जिले में 99 कर्मचारी हमारे साथ हैं और उनके सहयोग से हड़ताल को सफल बनाया जा रहा है। केवल कुछ ही लोग दूसरे ट्रैक पर चल रहे हैं जिन्हें समझाने की कोशिश जारी है। द्विवेदी के अनुसार छत्तीसगढ़ में शासकीय कर्मचारी सरकार से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता और हाउस अलाउंस देने की मांग कर रहे हैं। तर्क दिया जा रहा है कि जो सुविधाएं केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को दे रही हैं, उससे कम हम बिल्कुल नहीं लेने वाले हैं।

कीचड़ युक्त सड़क से बढ़ी परेशानी, कॉलोनी में की नाकाबंदी

कोरबा। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड दीपका गेवरा क्षेत्र की कालोनियों में छोटे वाहनों के प्रवेश पर लोगों ने रोक लगा दी। कारण बताया जा रहा है कि मुख्य मार्ग पर 24 घंटे भारी वाहनों की आवाजाही से भारी मात्रा में कीचड़ होने और मुख्य मार्ग से कीचड़ युक्त चीखल दो पहिया वाहनों से कॉलोनी में प्रवेश कर रही थी। ऐसे में यहां समस्याओं में इजाफा हो रहा है। एसईसीएल कॉलोनी के नागरिकों ने एकजुट होकर इस मामले में निर्णय लिया है। उन्होंने कॉलोनी

के अंदर आने वाले मार्ग के पास वेरिकेटिंग कर दी है। ऐसा छोटे पहिया वाहनों को मुख्य मार्ग से इस तरफ आने से रोकने के लिए किया गया है।

नागरिकों ने बताया कि मुख्य मार्ग पर पूरे समय कोयला लोड वाहनों का आना जाना लगा रहता है। बारिश के कारण कोल्डेस्ट की स्थिति काफी विकराल हो गई है। ऐसे में इस रास्ते से होकर भीतर आने वाले वाहनों के साथ बड़ी मात्रा में कीचड़ आ जाता है। मौसम साफ होने पर यह दुर्गंध का कारण बनता है कीचड़ युक्त दलदल से लोग फिसल कर गिर रहे हैं और कुल मिलाकर इस चक्कर में यहां की जनता परेशान होती है। काफी समय से लोगों ने इसे महसूस किया और फिर समस्या का समाधान करने के लिए कई स्तर पर पहल की। जब वहां से कोई समाधान नहीं निकला तो उन्होंने खुद होकर इस दिशा में काम करने के बारे में सोचा। बताया गया कि इसी इरादे से कॉलोनी को आने वाले रास्ते पर चार पहिया वाहनों का प्रवेश पूरी तरह से वर्जित कर दिया गया है। अब की स्थिति में केवल लोग पैदल और दुपहिया वाहन से यहां आ सकते हैं। लोगों ने बताया कि जब तक मुख्य मार्ग पर कीचड़ की समस्या दूर नहीं होती है तब तक यह बदलाव जारी रहेगा। लोग कहते हैं कि जब उनकी समस्याओं के बारे में कोई भी गंभीरता दिखाने के लिए तैयार नहीं होता है तो फिर इसके लिए खुद ही जमीन तैयार करनी होती है। संबंधित अथॉरिटी को इस बारे में जानकारी दी जा रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुम श्री.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी तकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के द्वारा सामाजिक उत्थान अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फर्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

फ्रेश इंडिया शो दिल्ली में हो रही है बस्तर के पपीते के मिठास की चर्चा

जगदलपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय स्तर पर आमतौर पर बस्तर की चर्चा नक्सली घटनाओं के कारण ही होती है। मगर देश की राजधानी दिल्ली में नक्सली दहशत नहीं बल्कि यहां के पपीते की मिठास के चर्चा का विषय बना है। पिछले दिनों दिल्ली में हुए फ्रेश इंडिया शो में हाईटेक तरीके से की जा रही इस खेती की जमकर सराहना मिली है। यहां चट्टानी जमीन में पपीते की खेती का एक नया प्रयोग था। महिला स्वसहायता समूह की कुछ महिलाओं ने इस प्रयोग की असफलता की आशंका को देखते हुए कार्य छोड़ दिया, मगर 43 महिलाएं पूरी रुचि और चट्टानी इरादों के साथ अपने काम में डटी रहीं। इसका परिणाम आज उन्हें दिख रहा है, जब उन्हें अच्छी फसल मिल रही है और उनकी कीमत भी अच्छी है।

पपीते की हाईटेक खेती उस इलाके में हो रही है, जहां के किसान पारंपरिक पेंदा खेती के सहारे ही अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। पेंदा खेती के कारण यहां बड़े पैमाने पर जंगलों को भी नुकसान पहुंचा और यहां के ग्रामीणों की आय भी नहीं बढ़ी। ऐसी स्थिति में प्रशासन ने इस क्षेत्र में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने का निर्णय लिया और तीरथगढ़, मुनगा और मामड़पाल में

तीस एकड़ क्षेत्रफल में हाईटेक ढंग से पपीते की खेती का प्रयास किया गया। इसके लिए बस्तर किसान कल्याण संघ से तकनीकी सहायता ली गई।

तीरथगढ़ में मां दंतेश्वरी पपीता उत्पादक समिति की सचिव हेमा कश्यप बताती हैं कि यहां 08 स्वसहायता समूह की महिलाओं ने पपीते की खेती में रुचि दिखाई और अब 43 महिलाएं सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। हेमा ने बताया कि बस्तर जिला प्रशासन ने इसकी पहल करते हुए यहां की महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को प्रेरित करते हुए जोड़ा गया। वहीं उद्यानिकी विभाग एवं बस्तर किसान कल्याण संघ ने भी आधुनिक तरीके से की जाने वाली इस खेती के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के साथ-साथ अधोसंरचनाएं भी उपलब्ध कराई। इस हाईटेक खेती से पूरी तरह अनजान स्वसहायता समूह की महिलाओं को समय-समय पर मिले प्रशिक्षण ने काम आसान कर दिया। वहीं अच्छी उत्पादन क्षमता वाली अमीना किस्म की पपीते के पेड़ों में लगे फलों ने स्वसहायता समूह की सदस्यों का उत्साह और बढ़ा दिया।